दैनिक
# न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### रेल्वे कर्चचारी के सुने मकान में चोरी



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रेल्वे में ट्रेक मेनटेन के पद पर कार्यरत श्रीमती ललिता मगर रेल्वे के शासकीय क्वार्टर में रहती है। दिनांक 26/07/2019 के शाम 07:00 बजे ललिता मेन गेट में ताला लगाकर सहेली शशिकला चन्द्रा के घर गई थी शाम करीब 07:30 बजे क्वार्टर वापस आई और गेट का ताला खोलकर अंदर गई तब देखी कि मेन गेट के बाद पीछे के चार गेट खुले हुये थे। बेडरूम के आलमारी का पल्ला खुला हुआ था लाकर के अंदर रखा सोने का हार वजनी करीब डेढ तोला का किमती करीब 40,000 रू. को कोई अज्ञात चोर द्वारा क्वार्टर के दिवाल को फांद कर बेडरूम में रखे आलमारी को खोलकर जेवरात को चोरी कर ले गया था। चोरी के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली में अप.क्र. 572/19 धारा 457, 380 भादंवि दर्ज किया गया है।

# विधायक लालजीत के हाथों किसानो को मिला ऋण माफ़ी प्रमाणपत्र

## धरमजयगढ़ के 1274 कृषकों को 2करोड़ 57 लाख 81 हज़ार सात सौ चव्वन रूपए का ऋण हुआ माफ़

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सेवा सहकारी समिति धरमजयगढ़ के प्रांगण में कृषक ऋण माफ़ी तिहार का आयोजन हुआ. जिसमे क्षेत्रीय विधायक केबिनेट मंत्री दर्जा लालजीत सिंह राठिया के मुख्य आतिथ्य में क्षेत्र के किसानो को ऋण माफ़ी प्रमाण पत्र का वितरण किया गया.कार्यक्रम का शुभारम्भ महात्मा गांधी के तैल्य चित्र पर डीप प्रज्जवलन कर किया गया.विदित हो की धरमजयगढ़ सहकारी समिति अंतर्गत चालू वर्ष 2018 के 628 किसानो का 1करोड़ 36 लाख 69 हज़ार 311 एवं कालातीत ऋण के 646 कृषकों का 1करोड़ 21 लाख 12 हज़ार 443 रूपए के ऋण माफ़ प्रमाण पत्र वितरण कर किसानो को लाभान्वित किया गया.मुख्य अतिथि विधायक लालजीत सिंह ने किसानो को सम्बोधित करते हुए कहा की छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनते ही हमारे प्रदेश के किसानो के हितैषी मुख्य मंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस के घोषणा अनुरूप 10 दिन में किसानो का कर्जा माफ़ एवं धान का समर्थन मूल्य 2500 रूपए लागु कर किसानो को सीधा लाभ पहुँचाया



है उन्होंने कहा की प्रदेश में कहीं कहीं अवर्षा स्थिति के कारण सूखे से निपटने के लिए तहसील स्तर में राजस्व अधिकारीयों की टीम गठित कर गाओं गाँव किसानो के खेतों में जाकर पटवारी एवं उनकी टीम को भेजकर स्थिति का आंकलन कर किसानो को राहत पहुंचाने के निर्देश मुख्य मंत्री भूपेश बघेल ने दिए हैं.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहित दूरदराज से आए किसानो का समिति द्वारा फूल माला से स्वागत किया गया.कार्यक्रम का पूर्णकालिक सफल सञ्चालन जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष युसूफ छाया ने करते हुए किसानो को कृषि के क्षेत्र में उन्नत बीज खाद एवं कृषि उपकरण का उपयोग कर उत्पादन में वृद्धि कर शासन की योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आहवान किया.वहीँ कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी गौतम सत्पथी ओर अपैक्स बैंक के शाखा प्रबंधक बाघमारे ,ने भी सम्बोधित कर किसानो को फसल बीमा एवं बैंक ऋण ,नरवा गरवा घुरवा बाड़ी के सम्बन्ध में जानकारी दिया.इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष मनदीप सिंह कोमल ,मीडिया प्रभारी असलम खान ,पूर्व जनपद उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल ,विधायक प्रतिनिधि नीलाम्बर सिंह राठिया ,मुरली गुप्ता चितेश साहू ,समिति प्रबंधक बुधदेव गुप्ता ,समिति उपाध्यक्ष गोविन्द साव ,सदस्य रविंद्र रॉय ,श्रीमती अर्चना विश्वास ,वरिष्ठ कृषक माधव पटेल ,गोपी पटेल ,रवि यादव ,सहित भारी संख्या में क्षेत्र के कृषक बंधू उपस्थित रहे.

# थाना धरमजयगढ़ एवं घरघोड़ा में भी बाल हितैषी थाना का शुभारंभ

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना घरघोड़ा एवं धरमजयगढ़ में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भैया द्वारा बाल हितैषी थाना एवं महिला डेस्क का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही जिले के थाना कोतवाली, सारंगढ़, खरसिया, घरघोड़ा एवं थाना धरमजयगढ़ में बाल हितैषी थाना संचालित होगा। सामुदायिक पुलिसिंग के जरिये पूर्व में थानों में आने वाले बच्चों तथा महिलाओं की समस्या सुनने एवं उनका त्वरित निराकरण के लिये सभी थाना/चौकी में सुसज्जित महिला डेस्क की स्थापना की जा चुकी है। आज घरघोडा थाने में बाल हितैषी थाना के शुभारंभ के अवसर पर बालिका हायर सेकेण्डरी स्कूल घरघोड़ा तथा प्रज्ञा हाई स्कूल की छात्राएं थाना भ्रमण के लिये आये थे। थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक चमन सिन्हा ने छात्राओं को थाने में किये जाने वाले कार्य की जानकारी दिये। इस दौरान ए.एस.पी डॉ. भैया एवं टी.आई. चमन सिन्हा द्वारा छात्राओं को सामान्य ज्ञान का प्रश्न पूछा गया एवं महिलाओं के अधिकार एवं





अवांछनीय क्रियाकलापों का विरोध कर इसकी शिकायत करने को कहा गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष घरघोड़ा एवं पुलिस महिला रक्षा टीम के सदस्यगण भी उपस्थित थे।

थाना धरमजयगढ़ में बाल हितैषी थाना के शुभारंभ के अवसर पर एस.डी.ओ.पी. धरमजयगढ अर्जुन कुर्रे एवं थाना धरमजयगढ़ व महिला सेल स्टाफ मौजूद थे। बाल हितैषी थाना धरमजयगढ को देखने के लिये हाई स्कूल धरमजयगढ़ के छात्राएं भी उपस्थित थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भैया द्वारा छात्राओं को पॉस्को की जानकारी देकर समाज में भयमुक्त होकर जीवन यापन करने की सलाह दिये। महिला सेल प्रभारी संतोष ग्रेस व प्रधान आरक्षक श्रीमती मंजू मिश्रा द्वारा छात्राओं को बच्चों/महिलाओं पर घटित हो रहे अपराधों की जानकारी देकर हेल्प लाईन नम्बरों की जानकारी दिये व सोशल मीडिया के उपयोग में सावधानी बरतने को कहा गया।

# बालिका लापता, मामला दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना चक्रधरनगर में 17 वर्षीय बालिका के बालिका के पिता द्वारा गुम दर्ज कराया गया है, रिपोर्टकर्ता ने बताया कि कक्षा दसवीं में फेल हो जाने के बाद बालिका सिलाई का काम सीखूंगी कहकर मोहल्ले की लड़कियों के साथ ट्रेलर दूकान सिलाई सीखने जाती थी दिनांक 26.07.2019 को सुबह 10:00 बजे बालिका ट्रेलर दुकान सिलाई सीखने गई थी और दोपहर तक वापस नहीं आई। तब बालिका की मां ट्रेलर दुकान जाकर पूछी तो ट्रेलर ने बताया कि बालिका तबीयत ठीक नहीं है कहकर दोपहर करीब 1:30 बजे चली गई है। बालिका के माता पिता उसकी सहेलियों व आसपास में पता किए बालिका का पता नहीं चला। बालिका के पिता के रिपोर्ट पर थाना चक्रधरनगर में अपराध क्रमांक 278/19 धारा 363 भादंवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# जमीन विवाद में भाई ने पीट पीटकर भाई की हत्या की

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जमीन संबंधी विवाद के चलते दो भाईयों के बीच ऐसा झगडा हुआ कि मारपीट के चलते एक भाई की मृत्यु हो गई। घटना सरिया थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिससे पूछताछ जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सरिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सांकरा के रहने वाले दो भाई थबीर प्रधान(60 साल) और दुकालू प्रधान (58 साल) का घर, बाडी एक दुसरे से लगा हुआ है । एक भाई दशरथ प्रधान का निधन हो गया है, जिसका लड़का संतोष प्रधान (35 साल) अपने बडे पिताजी थबीर प्रधान के घर रहता है । थबीर प्रधान- दुकालू प्रधान के बीच जमीन बाडी बटवार को लेकर विवाद है। 23 जुलाई को दुकालू प्रधान की पत्नि बिलासीनी प्रधान बाडी में कुन्दरू तोडने गई थी, जहां थबीर प्रधान के शौचालय का गंदा पानी बाडी तरफ आ रहा था जिसे बिलासीनी प्रधान और बेटा देवाशीष प्रधान फावडा में मिट्टी डाल दिये । दूसरे दिन सुबह 24 जुलाई को थबीर प्रधान गांव के सरपंच को बुलाकर दिखा रहा था कि दुकालू प्रधान की पत्नि और लड़का शौचालय का सीट को तोड़ दिये और मिट्टी डाल दिये हैं । उसी समय दुकालू, बिलासनी, देवाशीष और देवव्रत प्रधान आये और शबीर प्रधान और संतोष प्रधान से झगड़ा विवाद करने लगे । कुछ देर में दोनों परिवारों के बीच डंडा-टांगी से मारपीट होने लगा ।

आवश्यकता है
CAREER SCHOOL
अंग्रेजी माध्यम (English Medium)
में कक्षा 8 वीं, 9वीं एवं 10वीं के लिए
गणित एवं अंग्रेजी विषय हेतु अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों की आवश्यकता है।
वेतन योग्यतानुसार
मिलने का समय- सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक
अभ्यर्थी अपना संपूर्ण बायोडाटा के साथ उपस्थित होवें।
CAREER SCHOOL
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, रायगढ़

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU




तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090
ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480